तापमान
अधिकतम 32.2 डिग्री
न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, मंगलवार 23 सितंबर 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड


14 बेलसोंडा रेलवे फाटक के पास व्यवसाइयों को मिली...


14 सुपोषण रथ कर रहे ग्रामीणों को जागरूक

## केडियाडीह रेत घाट में अवैध उत्खनन करते पाई गई चैन माउंटेन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- प्रशासन कर रहा धरपकड़ की कार्रवाई
- वाहन को जब्त कर सुरक्षार्थ तुमगांव थाना में रखा गया
- अवैध खनिज गतिविधियों के विरूद्ध चलेगा अभियान



महानदी के तट पर केडियाडीह गांव की रेत घाट से खनिज विभाग की टीम ने अवैध रुप से रेत उत्खनन करते हुए चैन माउंटेन को जब्त किया है। वाहन को जब्त कर सुरक्षार्थ तुमगांव थाना में रखा गया है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर रोक लगाने के लिए खनिज विभाग द्वारा सतत कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में संयुक्त टीम द्वारा रविवार को यह कार्रवाई की गई।

इस मामले को लेकर खनिज अधिकारी योगेंद्र सिंह ने बताया कि उक्त वाहनों पर खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 के अंतर्गत कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस प्रकरण में 2 से 5 वर्षों की सजा का प्रावधान है और संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध एफ आई आर दर्ज कर न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत किया जाएगा।

खनिज अधिकारी ने आगे बताया कि पूर्व में भी खनिज पट्टेदारों एवं खनिज परिवहनकर्ताओं को स्पष्ट निर्देश दिए जा चुके हैं कि बिना वैध अभिवहन पास के खनिज का उत्खनन, परिवहन या भंडारण करना कानूनन अपराध है। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनिज गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु खनिज विभाग का विशेष अभियान सतत जारी रहेगा और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### नवरात्रि विशेष



### द्वितीयः ब्रह्मचारिणी

देवी भगवती का दूसरा स्वरुप ब्रह्मचारिणी मां का है। दूसरे नवरात्रि को ब्रह्मचारिणी मां की पूजा होती है। ब्रह्मांड को जन्म देने के कारण ही देवी का दूसरा स्वरुप ब्रह्मचारिणी कहलाया। देवी की यहीं आद्या शक्ति है। यहां ब्रह्म शब्द का रुप तपस्या है। ब्रह्मचारिणी अर्थात तप की चारिणी। कथा है कि सृष्टि उत्पत्ति के समय ब्रह्माजी ने मानष पुत्रों को जन्म दिया पर वे कालातीत होते रहे। सृष्टि का विकास नहीं हो सका। अचंभित ब्रह्माजी ने सदाशिव से पूछा कि ऐसा क्यों। शिवजी ने कहा कि देवी शक्ति के बिना यह असंभव है। सब देवता देवी की शरण में गए। इस पर ब्रह्मचारिणी ने सृष्टि का विस्तार किया है। इसी के बाद नारी शक्ति को मां का स्थान मिला है। मां के इस रुप की आराधना का मंत्र है-
दधाना
करपद्माभ्यामक्षमालाकमंडलू।
देवि प्रसीदतु मयि
ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा।।

## चेतावनी बेअसर : कंपनियों के प्रोडक्ट का प्रचार करने स्वास्थ्य का बहाना बनाकर अवकाश ले रहे शिक्षक

# शिक्षक पढ़ाई छोड़ नेटवर्क मार्केटिंग में व्यस्त सेमिनारों में ले रहे हिस्सा, विभाग मौन!

हरिभूमि न्यूज ⏭ झलप

विभाग द्वारा लगातार चेतावनी दिए जाने के बावजूद क्षेत्र के कुछ शिक्षक नेटवर्क मार्केटिंग और हेल्थ रिलेटेड कंपनियों से जुड़े हुए हैं। ये शिक्षक स्वास्थ्य का बहाना बनाकर अवकाश ले रहे हैं और कंपनियों के सेमिनारों में हिस्सा ले रहे हैं। सोशल मीडिया अकाउंट्स खासतौर पर फेसबुक पर उनकी गतिविधियां स्वयं इस बात के गवाह हैं। वे शासन-प्रशासन के आदेशों को खुली चुनौती देते हुए प्रचार में जुटे हैं।

शिकायतों के बावजूद शिक्षा विभाग के अफसर अब तक मौन क्यों हैं? क्या अवकाश स्वीकृति और अधिकारियों की चुप्पी कहीं मिलीभगत का संकेत तो नहीं? सूत्रों के मुताबिक, इन शिक्षकों की नियमित स्कूलों में आवाजाही भी नहीं रहती। शासन ने शिक्षकों की उपस्थिति दर्ज करने के लिए मॉनिटरिंग सिस्टम लागू करना ही भूल गया है।

### झलप का मामला: प्रधान पाठक पर गंभीर आरोप

झलप ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम टुरीडीह प्राथमिक शाला में पदस्थ प्रधान पाठक सुभाष पटेल के बारे में ग्रामीणों ने बताया कि वह इस प्रकार की गतिविधियों में लिप्त हैं। हमेशा स्कूल से गायब रहते हैं। ग्रामीणों के अनुसार, यह प्रधान पाठक राष्ट्रीय पर्व 15 अगस्त को शाला में न रहते हुए देश की राजधानी में आयोजित एक सेमिनार में शामिल था। इसकी पुष्टि विभिन्न सोशल मीडिया अकाउंट्स से भी होना बताया जा रहा है। जब हमारे प्रतिनिधि स्कूल पहुंचे तो वहां पदस्थ अन्य सहायक शिक्षक ने बताया कि 16 सितंबर से प्रधान पाठक स्कूल नहीं आ रहे हैं।

फोन पर पूछने पर उन्होंने केवल इतना कहा कि आवेदन ऑनलाइन किया गया है। कोई लिखित जानकारी या आवेदन नहीं है। मजेदार बात यह है कि उक्त प्रधान पाठक खुद को इतना सुपीरियर समझते हैं कि वे अपने अवकाश की जानकारी स्थानीय संकुल समन्वयक को देना भी उचित नहीं समझते।

विकास खंड शिक्षा अधिकारी महासमुंद लीलाधर सिन्हा ने स्वीकार किया कि प्रधान पाठक ने ऑनलाइन छुट्टी ली, परंतु छुट्टी की तारीख वे सही से नहीं बता पाए। उनके अनुसार संबंधित व्यक्ति 10 सितंबर से अवकाश पर है लेकिन सच्चाई कुछ और ही है।

वहीं, संकुल समन्वयक छिलपावन कौशल किशोर सिन्हा ने साफ कहा कि उन्हें इस बारे में प्रधान पाठक द्वारा कोई जानकारी नहीं दी जाती, फोन भी रिसीव नहीं करते।

और जब भी कुछ पूछते हैं तो सीधे विकासखंड शिक्षा अधिकारी से बात कर लेने कहा जाता है।

### बच्चों की पढ़ाई पर असर

स्कूल में इस समय तिमाही परीक्षा चल रही है। वहां कक्षा 1 से 5 तक पाँच कक्षाओं के लिए मात्र एक शिक्षिका परीक्षा ले रही है। ऐसे में मूल्यांकन की स्थिति आसानी से समझी जा सकती है। ऊपर से विभाग ने समाचार पत्रों में यह जानकारी दी है कि छपा हुआ प्रश्न पत्र स्कूलों को भेजा गया है, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि प्रश्न पत्र पीडीएफ में भेजे गए हैं और स्कूलों को प्रिंट करने कहा गया है तो उस अकेले शिक्षिका के ऊपर कितना कार्यभार होगा समझा जा सकता है।

### पहले से ही शिक्षक संख्या सीमित

कुछ समय पूर्व सरकार ने पूरे छत्तीसगढ़ में युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया चलाकर स्कूलों से मास्टरों की संख्या सीमित कर दी थी। ऐसे में जो गिने-चुने शिक्षक स्कूलों में होने चाहिए, वे भी गैर-शैक्षणिक गतिविधियों में लगे हुए हैं। यह स्थिति न केवल बच्चों की पढ़ाई पर सीधा असर डाल रही है, बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता को भी गिरा रही है।

## शराब की अवैध बिक्री के दो मामलों में आरोपियों पर कार्रवाई

**महासमुंद**। बसना और सरायपाली थाना क्षेत्र अंतर्गत शराब की अवैध बिक्री के मामलों में आरोपियों के विरूद्ध कार्रवाई की गई है।

बसना पुलिस ने बताया मुखबीर से मिली सूचना के बाद मनटोरी बाई कालसा की बाड़ी में पहुंचकर शराब जब्त किया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम मनटोरी कालसा पति तिजराम कालसा (30 साल) भंवरपुर बसना होना बताया। आरोपी के कब्जे से 7 लीटर अवैध महुआ शराब कीमत 1400 रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपी महिला के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया गया।

वहीं सरायपाली थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 08 जलपुर से फिरन पटेल पिता स्व. शिवकुमार पटेल (34 वर्ष) के कब्जे से 20 लीटर देशी हाथ महुआ शराब कीमत 4000 रुपए को जब्त किया गया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### खबर संक्षेप

### जिले के प्रभारी मंत्री बघेल का दौरा आज

**महासमुंद**। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल 23 सितंबर को महासमुंद जिले के दौरे पर रहेंगें। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार वे 10:30 बजे नवा रायपुर से ग्राम खट्टी महासमुंद के लिए प्रस्थान करेंगे। तत्पश्चात प्रातः 11:30 बजे वे ग्राम खट्टी में स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे तथा दोपहर 02 बजे नवा रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### नगर में चैतन्य देवियों की झांकी 25 से

**महासमुंद**। नवरात्रि के पावन पर्व पर तुमगांव रोड स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय सेवा केंद्र उपकार भवन में प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी चैतन्य देवियों की झांकी 25 से 29 सितंबर लगाईं जा रही है। संचालिका ब्रम्हा कुमारी प्रीति दीदी ने बताया कि झांकी का अवलोकन संध्या 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक किया जाएगा, जिसका नगरवासी लाभ ले सकते हैं।

## पहले दिन शैलपुत्री की हुई पूजा, पंडालों में सजा माता का दरबार

**महासमुंद**। शारदीय नवरात्र प्रारंभ हो चुका है। इसके लिए देवी मंदिरों में विशेष तैयारी की गई। शुभ मुहूर्त में घट स्थापना के साथ ज्योत जलाने की प्रक्रिया शुरू की गई। शाम तक श्रद्धालु मंदिरों में पहुंचकर ज्योत जलाए। इसके लिए जरूरी तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया है। दूसरी ओर भव्य पूजा पंडालों में मातारानी की आकर्षक प्रतिमाएं विराजित की गई। शारदीय नवरात्र के पहले दिन मां शैलपुत्री स्वरूप की पूजा की गई। इसके साथ ही शुभ मुहूर्त में कलश की स्थापना की गई। इसके लिए जिले में स्थित सभी देवी मंदिरों में विशेष तैयारी किये गये थे।

नगर स्थित महामाया मंदिर के अलावा विभिन्न पंडालों सहित सभी देवी मंदिरों में नवरात्र की तैयारी लगभग पूरी कर ली गई थी । शारदीय नवरात्र में घट स्थापना



दोपहर 12 बजे से शुरू हुई जो लगभग डेढ़ बजे तक पूरी की गई। इसके बाद श्रद्धालुओं ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किये। मंदिर परिसर में मौजूद मनोकामना ज्योति भवन में कलश को व्यवस्थित करने की प्रक्रिया पूरी की गई है। रसीद के अनुसार अलग-अलग भवनों में ज्योति कलश को कतारबद्ध तरीके से लगाया गया है ताकि श्रद्धालुओं को अपना कलश खोजने में परेशानी न हो सके। देवी मंदिरों के अलावा भव्य पूजा पंडालों में आकर्षक लाइटिंग की गई है। जहां माता रानी की प्रतिमाएं विराजित की गई।

### गरबा की रहेगी धूम

नवरात्र के साथ-साथ गरबा की शुरूआत हो रही है। शहर में अनेक पूजा समितियों द्वारा इस बार गरबा नृत्य का आयोजन किए जा रहे हैं। इसके अलावा विभिन्न समाज की ओर से भी गरबा का आयोजन किया गया है। गरबा को लेकर श्रद्धालुओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है।

### हजारों से अधिक ज्योति कलश

इस साल नवरात्र में अलग-अलग देवी मंदिरों में बड़ी संख्या में मनोकामना ज्योत प्रज्ज्वलित किये गये हैं। नगर के महामाया मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा हजारों की संख्या में ज्योत प्रज्ज्वलित कराए गए हैं। यहां लगभग 2 हजार से अधिक मनोकामना ज्योत जलेंगे।

## राजनीतिक दबाव में प्रशासन ने रोका 13 वर्षों से जारी आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

गरबा नाईट 2025 के लिए प्रशासन द्वारा सत्ता पक्ष के राजनीतिक दबाव के चलते हाईस्कूल मैदान के लिए अनुमति नही दिए जाने की बात पूर्व नपाध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने प्रेसवार्ता के दौरान कही। उन्होनें बताया कि उनके द्वारा बीते एक दशक से क्वांर नवरात्रि आराधना पर्व के पूरे 9 दिनों तक महासमुंद गरबा नाईट महोत्सव समिति दवारा स्थानीय हाई स्कूल मैदान में किया जाता रहा है।

उक्त कार्यक्रम में नगर की सभी मातृ शक्तियां, सभी सम्मानित नागरिकगण, युवा साथियों, नन्हे बच्चों के द्वारा परम्परागत रूप से विभिन्न विधाओं के द्वारा मां दुर्गा की स्तुति व आराधना स्वरूप गरबा खेला जाता है। 13 वर्षों के आयोजन में प्रदेश के विभिन्न दलों व विभिन्न क्षेत्रो में अपना स्वर्णिम नाम अर्जित कर चुकी हस्तियां अतिथि के रुप में शामिल होती रही है। उक्त सादगी पूर्ण भारतीय संस्कृति से सरोबर कार्यक्रम की सराहना नगर वासियों के साथ अतिथियों के द्वारा किया



जाता रहा है जिसकी चर्चा राजधानी समेत पूरे प्रदेश में होती रही है। जो हम सभी नगर वासियों के लिए गर्व का विषय रहा है।

महिलांग ने बताया कि इस वर्ष भी समिति के सदस्यों ने गरबा नाइट 2025 के आयोजन की प्रारंभिक तैयारी प्रारंभ की। जिससे विधिवत जिला प्रशासन से सभी शासकीय गाइड लाइंस के तहत अनुमति मांगी। इसी बीच सोशल मीडिया के माध्यम से मुझे ज्ञात हुआ कि मेरे कार्यक्रम को रोकने का लक्ष्य बनाकर कुछ लोगों द्वारा जिला प्रशासन पर दबाव बनाया गया और जिला प्रशासन द्वारा आयोजन के अंतिम क्षणों में अनुमति नहीं प्रदान की गई। जबकि, अन्य स्थानों पर गरबा कार्यक्रम के लिए विधिवत अनुमति प्रदान की गई। इस भेदभाव का विरोध जताते हुए उन्होनें कहा कि आखिर मेरे उक्त कार्यक्रम की अनुमति ना देने में क्या प्रशासनिक मजबूरी थी किसका दबाव था?

महिलांग ने कहा कि यह राज्य के सरकार के अधीनस्थ जिला प्रशासन सरकार के उस दावे को भी उपहास व विरोध का साक्ष्य है कि राज्य में धार्मिक आयोजन को बढ़ावा देने से प्रदेश वासियों के बीच आपसी प्रेम स्नेह भक्ति भावना की डोर मजबूत होगी व धर्म की राह पर चलकर प्रदेश प्रगति की दिशा में अग्रसर होगा।

### इस वर्ष नहीं करा रही गरबा: राशि

राशि महिलांग ने कहा कि लगातार समर्थकों और शहर वासियों के द्वारा आयोजन रद्द होने के संबंध में पूछा जा रहा है। वहीं महिलांग ने कहा कि इस वर्ष वे इस आयोजन को स्थगित कर रही हैं। अन्य स्थान पर आयोजन किए जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि तैयारी और समयाभाव की स्थिति को देखते हुए टीम द्वारा इसे इस वर्ष रद्द किया जाना ही उचित माना है।

### इनकी रही मौजूदगी

प्रेस वार्ता के दौरान नीलम जायसवाल, ममता जायसवाल, रोशन आरा रिजवी, अमरजीत सिंग रामगढ़िया, श्रेयांश चोपड़ा, ईशा टंडन, ज़ोया खान, नीरज परोहा, अरिश अन्नवर, उमा ध्रुव, कविता अंबिलकर, सगनजोत सिंह, शब्बीर सोनी, कुणाल रंगारी, रुपेश महिलांग, युवराज साहू, कान्हा चंद्राकर, बबलू हरपाल, सुनील नायक सहित समिति सदस्य गण मौजूद रहे।



## खबर संक्षेप

### नशामुक्त भारत मैराथन का आयोजन आज

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव एवं सेवा पखवाड़ा दिवस 2025 के अंतर्गत जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा नशामुक्त भारत मैराथन का आयोजन किया जा रहा है। मैराथन मंगलवार 23 सितंबर 2025 को प्रातः 07 बजे शासकीय बहुदिव्यांग विशेष विद्यालय, खैरा से प्रारंभ होकर कलेक्ट्रेट तक आयोजित होगी। इस अवसर पर विभिन्न वर्गों में प्रतियोगिताएं होंगी, जिनमें प्रतिभागियों को आकर्षक नगद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। जिसमें प्रथम पुरस्कार 2100 रुपए एवं द्वितीय पुरस्कार 1100 रुपए प्रदान किया जाएगा। नशामुक्त भारत मैराथन में ओपन वर्ग में समस्त महिला एवं पुरुष भाग ले सकेंगे। इसी प्रकार 60 वर्ष या उससे अधिक आयु वर्ग के महिला एवं पुरुष प्रतिभागी होंगे। साथ ही दिव्यांगजनों के लिए मोटराइज्ड ट्रायसायकल मैराथन एवं ट्रायसायकल मैराथन का आयोजन किया जाएगा। उप संचालक समाज कल्याण संगीता सिंह ने अधिक से अधिक दिव्यांगजन, वरिष्ठजन, स्कूली एवं महाविद्यालयीन दिव्यांग छात्र-छात्राओं से इस कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है।

### दिव्यांग एवं वरिष्ठजनों के लिए बस पास शिविर 25 से

**महासमुंद।** राज्य शासन के निर्देश एवं परिवहन विभाग के मार्गदर्शन में प्रदेशभर में सेवा पखवाड़ा 2025 का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला परिवहन विभाग महासमुंद द्वारा 25 एवं 26 सितंबर 2025 को दो दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि शिविर का आयोजन जिला परिवहन कार्यालय परिसर में प्रतिदिन सुबह 10:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक किया जाएगा, जिसमें दिव्यांगजन एवं 80 वर्ष या उससे अधिक आयु के वृद्धजन बस पास बनवा सकेंगे। इसके लिए दिव्यांगजनों को आधार कार्ड, दिव्यांग प्रमाण पत्र एवं 2 पासपोर्ट साइज फोटो तथा वृद्धजन 80 वर्ष या उससे अधिक आयु के लिए आधार कार्ड एवं 2 पासपोर्ट साइज फोटो आवश्यक है। शिविर का उद्देश्य दिव्यांग एवं वरिष्ठजनों को सुविधा प्रदान करना है, ताकि वे सरलता से अपना बस पास बनवा सकें।

### महिलाओं के साथ मारपीट

**महासमुंद।** पुरानी रंजिश को लेकर महिलाओं के साथ कुछ लोगों ने मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट पर पिथौरा थाने में आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया है । पुलि को प्रार्थिया सितम देवार वार्ड क्रमांक 12 रानीसागर पारा पिथौरा ने बताया कि 20 सितंबर की शाम करीब 5.15 बजे वह अपनी देवरानी रानी देवार एवं भांजे कुणाल और लोकेश के साथ पुराना मछली बाजार में सब्जी से सब्जी खरीद कर घर जा रही थी। श्यामा प्रसाद मुखर्जी गली में समीर देवार एवं दीवान देवार स्वीपर कॉलोनी की ओर से हाथ में राड लेकर दौड़ते हुए आये और पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए रानी देवार से मारपीट करने लगे।

### दुर्गा प्रतिमा के साथ की गई ज्योति प्रज्ज्वलित

**अरंड (पिथौरा)।** जय महावीर दुर्गा उत्सव समिति द्वारा मां दुर्गा की प्रतिमा विराजित की गई है। साथ ही 91 ज्योति कलश के साथ ज्वांरा बोया गया है। ग्राम के सरपंच डिगंबर पटेल, उपसरपंच युवराज पटेल, महाराज खूबचंद दुबे, गांव के बैगा विश्वनाथ ध्रुव, शिवचरण ध्रुव, गंगाधर निर्मलकर, कार्तिक राम पटेल, कौतुक पटेल, प्रीतम सिंह पटेल, देवराज सिंह ठाकुर, रविशंकर ध्रुव, अध्यक्ष दिगंबर पटेल, डोलेश ध्रुव, अजय पटेल, राम अवतार ध्रुव, दीपक ध्रुव, रूपेंद्र निर्मलकर, देवानंद पटेल, लोकेश ध्रुव आदि उपस्थित रहे।





### नर्रा क्षेत्र के अनेक पंडालों में दुर्गा प्रतिमा की हुई स्थापना



**नर्रा।** ग्राम नर्रा सहित अंचल के देवी मंदिरों तथा पंडालों में शारदीय क्वांर नवरात्र के प्रथम दिन सोमवार को दोपहर शाम रात तक मनोकामना का ज्योत प्रज्वलित कर मां दुर्गा की प्रतिमा विराजित की गई। नौ दिनों तक भक्त माता रानी की आराधना शक्ति की भक्ति में जुटेंगे।

**दौरा:** राज्य खाद्य आयोग अध्यक्ष ने ली विभागीय समीक्षा बैठक

# मध्यान्ह भोजन में फोर्टिफाइड चावल का उपयोग अनिवार्य रूप से करें: शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद




छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा ने जिले में विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। निरीक्षण कार्यक्रम के पश्चात उन्होंने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक ली, जिसमें खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा आदिम जाति कल्याण विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान शर्मा ने कहा कि हितग्राहियों तक समय पर खाद्यान्न एवं पोषण आहार पहुंचाना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा हितग्राहियों तक योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पहुंचाने की है। इसके लिए सभी विभाग समन्वय बनाकर कार्य करें और सुनिश्चित करें कि जिले में खाद्य एवं पोषण सुरक्षा योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित की जाए तथा अधिकारी नियमित रूप से फील्ड विजिट कर जमीनी हकीकत की जानकारी लें। उन्होंने सभी पीडीएस दुकानों में गठित निगरानी समिति को अधिक जवाबदेही बनाने और नियमित निरीक्षण करने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के समय हितग्राहियों से भी चर्चा कर फीडबैक लें। उन्होंने कहा कि सरकार फोर्टिफाइड चावल के माध्यम से कुपोषण के स्तर को कम करना चाहती है। अतः सभी स्कूलों में मध्यान्ह भोजन में नियमित रूप से फोर्टिफाइड चावल दिया जाए। साथ ही कहा कि अधिकारी निरीक्षण के दौरान निरीक्षण टीप अवश्य लिखें। अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि राशन के समय पर पहुंच तथा भंडारण की स्थिति का अधिकारी स्वयं जायजा लें। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों के शिकायत के लिए दीवार लेखन करें और शासन के टोल फ्री नम्बर को जारी करें।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शिकायतों का निराकरण त्वरित एवं प्रभावी तरीके से किया जाए। ताकि, आमजन को योजनाओं का वास्तविक लाभ मिल सके। साथ ही उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि शासन की पोषण, खाद्य सुरक्षा एवं कल्याणकारी योजनाएं ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में समान रूप से लागू हों और कोई भी पात्र परिवार योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। बैठक में उपस्थित विभागीय अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की।

## खरोरा में स्वच्छता अभियान में शामिल



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से शुरू हुए 'सेवा पखवाड़ा' के राष्ट्रव्यापी अभियान के अंतर्गत ग्राम खरोरा में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर शामिल हुई। हुलसी ने स्वच्छता के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि यह सिर्फ एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है।

इस सेवा-श्रमदान में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक संगठन के सदस्यों ने भी पूरे जोश के साथ भाग लिया और शहीद स्मारक परिसर को स्वच्छ बनाने में अपना अमूल्य योगदान दिया। संगठन के सदस्यों ने बताया कि देश सेवा का यह भाव उनके जीवन का अभिन्न अंग है, और वे समाज कल्याण के हर कार्य में सहयोग के लिए तत्पर हैं। इस नेक कार्य को सफल बनाने में स्थानीय नारी शक्ति, खरोरा के पंचगण, और अन्य जनप्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में नागरिकों ने भी बढ़-चढ़कर सहयोग किया। सभी ने मिलकर यह संकल्प लिया कि वे अपने आसपास के परिवेश को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखेंगे। यह अभियान केवल एक दिन की गतिविधि नहीं, बल्कि 'एक कदम स्वच्छता की ओर' के नारे को चरितार्थ करते हुए एक स्थायी बदलाव लाने का प्रयास है। इस सफल आयोजन ने यह साबित कर दिया है कि जब जनप्रतिनिधि, समाज सेवी संगठन और नागरिक मिलकर काम करते हैं, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता। यह जन कार्यो में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष युवराज सिंह चंद्रकार, नंदकिशोर सिन्हा, सहदेव राम ध्रुव, कन्हैया लाल सोनी, बंशी लाल सिन्हा, अंजना चंद्राकर, सरला सोनी, सैनिक परिवार जनप्रतिनिधि पंचगण मनीष चंद्राकर, लतिका यादव, अंजू चंद्राकर, रेखा चंद्राकर, मनटोरा ध्रुव, दुर्गेश्वरी साहू, मुकेश चंद्राकर, मनीष चंद्राकर, हेमेंद्र चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

## देवी मंदिरों में अंकित ने प्रज्वलित की मनोकामना ज्योति



**महासमुंद।** क्वांर नवरात्र के शुभारंभ अवसर पर अंकित बागबाहरा ने मां खल्लारी और मां चंडी के मंदिर में जाकर पूजा अर्चना कर मनोकामना ज्योत प्रज्वलित किया व क्षेत्र की खुशहाली की कामना की।

## डाइट में छात्राध्यापकों को दिलाई गई स्वच्छता के लिए शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत स्वच्छोत्सव पर प्राचार्य डॉ. विजय खंडेलवाल द्वारा स्वच्छता शपथ कराया गया।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. खंडेलवाल ने कहा कि 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक प्रदेश सहित देशभर में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। स्वच्छता हमारे जीवन के लिये अत्यंत ही आवश्यक है। अपने आसपास, गली मोहल्ला एवं गांव/शहरों को स्वच्छ रखना हमारी जिम्मेदारी है। स्वच्छता को जीवन का अभिन्न अंग समझकर अपनाना चाहिए। सहायक प्राचार्य अरुण प्रधान एवं के सिंग ने कहा कि स्वच्छता का संदेश हमें जन जन तक पहुंचाते हुए राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए। इस अवसर पर द्वितीय वर्ष के छात्राध्यापकों ने स्वच्छता शपथ लेते हुए संकल्प लिया कि हम जीवन भर स्वच्छता भारत अभियान के तहत कार्य करते रहेंगे।

स्वच्छता पखवाड़ा के तहत संस्थान के सांस्कृतिक साहित्यिक प्रभारी व्याख्याता टेकराम सेन के निर्देशन में 23 सितंबर को परिसर एवं संस्थान की सफाई अभियान के साथ वृक्षारोपण का कार्यक्रम संपन्न होगा। इसी प्रकार 24 सितंबर को निबंध, कविता, वाद-विवाद, क्वीज एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। सेन ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन से स्वच्छता के प्रति जागरुकता के साथ साथ छात्राध्यापकों में सृजनात्मक का विकास होगा।



शपथ ग्रहण के अवसर पर डाइट के वरिष्ठ व्याख्याता उमादेवी शर्मा, राजेश चंद्राकर, संतोष साहू, कमलेश पांडेय, किरण कन्नौजे, सुमन दीवान, तिलोतमा प्रधान, लक्ष्मी सिन्हा, ईश्वर चंद्राकर, झरना साहू, आकांक्षा साहू, योगेंद्र पांडे, सुनील साहू, सुनील मरकाम, सुषेम दीवान, गरिमा सिंह राजपूत, मीना साहू, राधा साहू, प्रदीप साहू, तरुण चंद्राकर, हीरामन, अजय, उचित सहित छात्राध्यापकगण उपस्थित थे।

कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता टेकराम सेन एवं आभार प्रदर्शन उमादेवी शर्मा ने किया। उक्त जानकारी डाइट की ओर से ईश्वर चंद्राकर ने दी है।

## राज्य खाद्य आयोग अध्यक्ष संदीप शर्मा का महासमुंद दौरा

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा सोमवार को जिले के दौरे पर पहुंचे। यहां पहुंचकर शर्मा ने सबसे पहले गुड़रूपारा स्थित छात्रावास का निरीक्षण किया। तत्पश्चात उन्होंने बेमचा में राशन दुकान, स्कूल एवं आंगनवाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने बच्चों को मिलने वाले पोषण आहार, टीकाकरण एवं शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली। बच्चों से संवाद कर उनके स्वास्थ्य और पढ़ाई की स्थिति जानी। उन्होंने छात्रावास में बच्चों के लिए बनाए गए भोजन का स्वाद भी चखा और सराहा। उन्होंने कहा कि बच्चों को भोजन और शिक्षा के साथ-साथ सामान्य ज्ञान की भी बातें नियमित बताएं। अपने लक्ष्य के प्रति भी उन्हें सजग करें। आंगनबाड़ी केंद्र के निरीक्षण में बच्चों से संवाद किया तथा कार्यकर्ताओं को बच्चों की नियमित उपस्थिति व गुणवत्तापूर्ण पोषण आहार वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने खेल-खेल में शिक्षा और सामान्य ज्ञान पर भी जोर दिया। इसके बाद उन्होंने सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकानों का निरीक्षण किया। वहां राशन वितरण व्यवस्था, मशीनीकृत प्रणाली, उपभोक्ता पंजी और स्टॉक रजिस्टर की जांच की। हितग्राहियों से चर्चा कर राशन की उपलब्धता एवं पारदर्शिता की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान संबंधित विभाग के अधिकारी एवं पूर्व पार्षद महेंद्र जैन मौजूद थे।

## लोअर जोंक बैराज योजना अंतर्गत लंबित 29 भू-अर्जन प्रकरण का हुआ भुगतान

**महासमुंद।** राज्य शासन द्वारा जिले के जल संसाधन विभाग अंतर्गत बसना उपसंभाग की लोअर जोंक बैराज योजना के अंतर्गत देवसराल माइनर निर्माण के लिए लंबित भू-अर्जन प्रकरण का भुगतान प्रारंभ हो गया है। जल संसाधन के कार्यपालन अभियंता अजय खरे ने बताया कि इस प्रक्रिया के तहत अब तक देवसराल एवं सांकरा ग्राम के 29 किसानों को 48.86 लाख रुपये की राशि का भुगतान किया जा चुका है। वहीं शेष किसानों का मुआवजा भी शीघ्र ही प्रदान कर दिया जाएगा। बसना विधानसभा विधायक संपत अग्रवाल के सतत प्रयासों एवं मार्गदर्शन से यह भुगतान अल्प समय में हो पाया। इस पर किसानों ने खुशी जताते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं विधायक संपत अग्रवाल का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में केवल एक साल के भीतर ही प्रकरण को सुलझाकर मुआवजा दिलाया गया है, जिससे उनकी आर्थिक चिंताओं का समाधान हुआ है।

## केजरीवाल सुशासन को घर-घर पहुंचाएंगे आप कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

आम आदमी पार्टी जिला अध्यक्ष राकेश झाबक ने बताया कि 4 विधानसभाओं के साथ-साथ जिले के महासमुंद विधानसभा में कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। महासमुंद जिलाध्यक्ष झाबक ने कहा आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं में बहुत ज्यादा उत्साह था, कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि घर घर जाकर जनता को केजरीवाल सुशासन के बारे में जानकारी देंगे अच्छी और मुफ्त शिक्षा, चिकित्सा और मूलभूत सुविधाएं सिर्फ और सिर्फ अरविंद केजरीवाल सुशासन के तहत आम आदमी पार्टी ही दे सकती है। उन्होंने कहा कि जनता को आगाह करेंगे कि बीजेपी और कांग्रेस भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। अपने भ्रष्टाचार और विफलता को छिपाने के लिए और जनता को गुमराह करने के लिए नूरा कुश्ती में लगी रहती है। प्रदेश का हर वर्ग, युवा, किसान, महिला, बच्चे, बुजुर्ग, आदिवासी, दलित, ओबीसी, सामान्य सभी परेशान हैं।



झाबक ने कहा कि जनता बीजेपी से परेशान होकर कांग्रेस को चुनती है और फिर कांग्रेस से परेशान होकर फिर बीजेपी को चुनती है। जनता अपनी समस्या के समाधान की लिए मज़बूर होकर सरकार बदलते रहती हैं, लेकिन उनकी समस्या जस की तस बनी हैं, बल्कि विकराल रूप अख्तियार कर चुकी है। कार्यकर्ता घर घर जाकर जनता को समझाएंगे कि छत्तीसगढ़ की समस्या का एक मात्र हल केजरीवाल सुशासन है।

# राज्य स्तरीय बास्केटबॉल में महासमुंद बालक टीम बनी विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

सहायक पुलिस अधीक्षक शहीद स्व. आकाशराव गिरेपुंजे की स्मृति में बास्केटबॉल संघ जिला महासमुंद द्वारा राज्य स्तरीय सब-जूनियर बालक एवं बालिका बास्केटबॉल चैंपियनशिप 2025 का आयोजन 19 से 21 सितंबर 2025 तक मिनी स्टेडियम महासमुंद में किया गया। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि तिमरेंदु शेखर कंवर, समाज सेवक, विशिष्ट अतिथि प्रदीप चंद्राकर महामंत्री भाजपा जिला महासमुंद, संदीप दीवान सभापति भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी, प्रशांत श्रीवास्तव, हुलसी चंद्राकर उपाध्यक्ष जनपद पंचायत महासमुंद, दिग्विजय साहू जनपद सदस्य, जसमीत बादल मक्कड़, मनमीत सिंग, परमजीत सिंह समाज सेवक, देवेंद्र सिंह ठाकुर सभापति जनपद पंचायत गरियाबंद, प्रदेश बास्केटबॉल संघ से आरएस गौर अंतरराष्ट्रीय कोच, विपिन बिहारी ए ग्रेड निर्णायक आदि शामिल रहे।

पहले दिन 19 सितंबर को खेले गए मैच में बालक वर्ग में पहला मैच में कोरबा ने बिलासपुर को 43- 34 से हराया, दूसरा मैच भिलाई नगर निगम ने बिलासपुर को 53–15 से हराया, तीसरा मैच बिलासपुर ने सरगुजा को 46–15 से हराया, कोरबा ने मुंगेली को 25- 0 से हराया, महासमुंद ने सरगुजा को 31-19 से हराया। बालिका वर्ग में उद्घाटन मैच में महासमुंद ने मुंगेली को 20–04 से हराया, बीएसपी ने मुंगेली को 28–2 से हराया, दुर्ग ने बिलासपुर को 37–21 से हराया। 20 सितम्बर को खेला गया मैच जिसमें बालक वर्ग में बीएसपी ने मुंगेली को 37–07 से हराया, महासमुंद ने दुर्ग को 35-17 से हराया, कोरबा ने राजनांदगांव को 36-33 से हराया, राजनांदगांव ने मुंगेली को 32-06 से हराया, राजनांदगांव ने बिलासपुर को 48-20 से हराया, बालिका वर्ग में बिलासपुर ने सरगुजा को 17-05 से हराया, दुर्ग ने मुंगेली को 26-00 से हराया, भिलाई नगर निगम ने जिला सरगुजा को 22-10 से हराया।



21 सितंबर को खेले गए मैच में पहला सेमी फाइनल मैच बालक वर्ग में महासमुंद ने कोरबा को 42-35 से हराया फाइनल में प्रवेश किया। दूसरा सेमीफाइनल मैच में राजनांदगांव ने बिलासपुर को 56-14 से हराकर फ़ाइनल में प्रवेश किया। तीसरे स्थान के लिए खेले गए मैच में कोरबा ने बिलासपुर को 38-21 से हराकर तीसरा स्थान प्राप्त किया।

बालिका वर्ग में पहला सेमीफाइनल मैच भिलाई नगर निगम ने दुर्ग को 35-21 से हराकर फ़ाइनल में प्रवेश किया, दूसरे सेमीफाइनल मैच में महासमुंद ने बिलासपुर को 35-27 से हराकर फ़ाइनल में प्रवेश किया। तीसरे स्थान के लिए खेले गए मैच में बिलासपुर ने दुर्ग को 26-17 अंकों से हराकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। फाइनल मैच महासमुंद विरुद्ध भिलाई नगर निगम के मध्य खेला गया। जिसमें भिलाई नगर निगम ने बेहतर प्रदर्शन करने के साथ एकतरफा बढ़त बनाने के साथ 39-04 से महासमुंद को हराकर विजेता बनीं। महासमुंद जिला उपविजेता रहा। बालक फ़ाइनल मैच में महासमुंद विरुद्ध राजनांदगांव के मध्य खेला गया। जिसमें महासमुंद कड़े मुकाबले में राजनांदगांव को 33-29 अंकों से हराकर राज्य स्तरीय चैंपियनशिप का विजेता बना। वहीं उपविजेता टीम राजनांदगांव रहा। आयोजन को सफल बनाने में अध्यक्ष बास्केटबॉल संघ जिला महासमुंद पदाधिकारियों में राजस्व निरीक्षक मनीष श्रीवास्तव, अध्यक्ष बास्केटबॉल संघ महासमुंद नूरेन चंद्राकर, चेयरमैन गौरव चंद्राकर, सचिव शुभम तिवारी, अभिषेक, कुलेश्वर चंद्राकर, वेद प्रकाश, मयंक शर्मा, अजय सिंहा, राहुल रंजन, विवेक मंडल, अजय सोनी, विभिन्न जिलों के निर्णायक, खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद का योगदान रहा।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

